एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर

महाविद्यालय विकास समिति

महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु स्थायी विकास कोष चल व अचल सम्पति का संग्रहण/निर्माण व वृद्धि करने व प्रबंध करने तथा आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व उनका संवर्द्धन करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विकास समिति संचालित है।

- **समिति के उद्देश्य –**

1. महाविद्यालय में विकास समिति द्वारा संचालित योजनाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु शुल्क का निर्धारण करना।
2. महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा उनका संवर्द्धन करना।
3. महाविद्यालय परिसर को साफ–सुथरा रखने हेतु कार्यवाही करना।
4. जनसहयोग/दानदाता/ट्रस्ट/सांसद एवं विधायक कोष की सहायता से विभिन्न कार्य करवाना।
5. पुस्तकालय व प्रयोगशालाओं आदि का विकास करना।
6. खेलकूद की आधारभुत सुविधाएं उपलब्ध करवाना।
7. रचनात्मक एवं उच्च कोटि की सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करवाना।
8. महाविद्यालय में नवीन संकाय/विषय/वर्ग प्रारम्भ करने तथा स्नातक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर में क्रमोन्नत करने आदि संबंधी योजनाएं संचालित करना व योजनाओं की क्रियान्वती करना।

- **महाविद्यालय विकास समिति की कार्यकारिणी में निम्नलिखित सदस्य होते है।**

1. प्राचार्य – अध्यक्ष
2. सांसद – सदस्य
3. विधायक – सदस्य
4. नगरपरिषद सभापति – सदस्य
5. उपखण्ड अधिकारी – सदस्य
6. आयुक्त कॉलेज शिक्षा प्रतिनिधि – सदस्य
7. दो स्थानीय शिक्षाविद, प्राचार्य द्वारा मनोनीत – सदस्य
8. प्रबुद्ध नागरिक राज्य सरकार द्वारा मनोनीत – सदस्य
9. संकाय का वरिष्ठतम सदस्य – सदस्य सचिव
10. प्राचार्य द्वारा मनोनीत संकाय सदस्य – कोषाध्यक्ष।

11. छात्रसंघ अध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा मनोनीत विद्यार्थी – सदस्य
12. दो अभिभावक प्राचार्य द्वारा मनोनीत – सदस्य
13. दानदाता – सदस्य

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 09.10.2017**

महाविद्यालय में **डॉ. पुष्पा बडथ्वाल** की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें कुल 15 सदस्य उपस्थित हुए बैठक में गत बैठक दिनांक 10.07.2017 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया एवं बैठक में सीसीटीवी लगवाने, पानी बिजली के सही रख–रखाव, अलमारी रैक आदि के रिपेयर संबंधी निर्णय लिये गये।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 29.01.2018**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. पुष्पा बडथवाल** की अध्यक्षता में दिनांक 29.01.2018 को बैठक आयोजित की गई जिसमें 14 सदस्य उपस्थित हुए तथा सभी सदस्यों ने दिनांक 10.07.2017 की कार्यवाही का अनुमोदन किया तथा प्रशासनिक भवन के जीर्णोदार, खाली पदों पर विषय अध्यापक की व्यवस्था, सांसद कोटे से मिले आर्थिक सहयोग व विकास समिति से मिलकर कमरा निर्मित किये जाने, पिछली बैठकों में अधूरे कार्यों को पूरा किये जाने संबंधी निर्णय लिये गये।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 04.02.2019**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. अनिमा रानी राठौड़** की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 10 सदस्य उपस्थित रहे और बैठक में पूर्व की बैठक 29.10.2018 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया तथा विद्यार्थियों के लिए दो कक्षाकक्षों का निर्माण करवाये जाने तथा रूसा बजट से कैन्टीन व खेल मैदान की चारदीवारी का निर्माण कार्य के साथ ही अन्य निर्णय लिये गये।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 15.01.2020**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. एल.एन. नागौरी** की अध्यक्षता में दिनांक 15.01.2020 को बैठक आहूत की गई जिसमें 09 सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में पूर्व की बैठक 07.08.2019 के कार्यो की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया व कार्यों का सर्वसमति से अनुमोदन किया गया व बैठक में मुख्य भवन की बिजली फिटिंग, टॉयलेट व सुविधाओं का निर्माण, प्राचार्य कक्ष एवं कक्ष संख्या 29 का जीर्णोदार व अन्य कार्यो को प्रस्तावित किया गया।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 10.11.2021**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. वी.के स्वामी** की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई जिसमें 09 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक 15.01.2020 के पश्चात किये गये व्ययों की स्वीकृति व अनुमोदन किया गया। साथ ही मुख्य भवन पर दोहरी मंजिल हेतु बरामदों के नवनिर्माण का कार्य और विद्यार्थियों हेतु छाया की व्यवस्था, स्टाफ रूम का जीर्णोदार, सोलर पैनल लगवाने व कक्षा संख्या 29 से 06 तक के कक्षों को प्रशासनिक ब्लॉक में परिवर्तित करने संबंधी प्रस्ताव लिये गये।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 08.08.2022**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. वी.के स्वामी** की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई जिसमें 08 सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य भवन के बरामदों को ऊपर उठाना, खेल मैदान सीटिंग विस्तार, कक्ष संख्या 20 का जीर्णोदार आदि कार्य हेतु सा.नि.वि. से कार्य करवाने का प्रस्ताव लिया गया।

- **कार्यवाही विवरण – दिनांक 18.03.2023**

महाविद्यालय में प्राचार्य **डॉ. वी.के स्वामी** की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई जिसमें 09 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व में हुई बैठकों की कार्यवाही को अनुमोदित किया गया तथा सोलर पैनल 25 किलोवाट का राज्य सरकार की अधिकृत कम्पनी से करवाने जाने का प्रस्ताव लिया गया। नैक निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए रंग–रोगन का कार्य करवाने का प्रस्ताव लिया गया।

Principal Chamber and CCTV Monitoring



Main Building Verandah uplifting Renovation work

Drawing and Painting Classroom Renovation

Solar System installed